Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Need to allocate more funds to National Horticulture Mission in Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): धन्यवाद अध्यक्ष जी, मैं किसानों की आय दोगुना करने का हमारी सरकार का जो लक्ष्य है, उसी के संदर्भ में निवेदन करना चाहती हूं कि अभी-अभी हमने गांधी संकल्प यात्रा की तो मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों की स्थिति का आकलन करने का लक्ष्य हम लोगों ने रखा था । हमने 86 गांवों में किसानों की स्थिति का लक्ष्य का आकलन किया । वहां परम्परागत खेती पूर्णतया घाटे का सौदा है । मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि केन्द्र सरकार के बागवानी मिशन योजनाओं को अधिक धन आबंटन हो और इनकी निगरानी बहुत अच्छे से की जाए । राज्य सरकारों के माध्यम से बागवानी मिशन में कार्यरत कर्मचारी किसानों को न तकनीकी ज्ञान देते हैं और न ही उनसे सहयोग करते हैं । कृषि विज्ञान केन्द्रों को भी क्रियाशील करना अत्यंत आवश्यक है । यात्रा के दौरान किसानों ने मांग की कि उनके क्षेत्र में नीबू, आंवला, बैर, अमरूद आदि की बहुत अच्छे से पैदावार हो सकती है और इससे काफी अच्छी मात्रा में उनको धन भी प्राप्त हो सकता है । भूमि की उर्वरा शक्ति भी इन पौधों के लिए अनुकूल है । जल की कमी के बावजूद भी ये फसलें पैदा की जा सकती हैं । राज्य सरकार की उदासीनता के चलते किसानों की सरकारी योजनाओं को कोई लाभ नहीं मिल रहा है । अत: मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि एक तरफ पौधा रोपण से पर्यावरण तो शुद्ध होगा ही, लेकिन किसानों की आमदनी भी चौगुनी हो सकती है । आपके माध्यम से मैं निवेदन करना चाहूंगी कि सरकार द्वारा बागवानी मिशन पर पूरा ध्यान दिया जाए ।